MEWAR GIRLS COLLEGE

Sector-5 Gandhi Nagar, Chittorgarh (Raj.) – 312001

Ph. 01472-251101, Fax-01472-251103

Ref.:-MES/2020-21/ Date : 09/08/2021

:: प्रेस नोट ::

मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

मेवाड़ एज्यूकेशन सोसायटी द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्थान सचिव शंकर लाल गदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले के सभी राजकीय व निजी विद्यालयों के प्रिंसिपल व अध्यापकों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहने व सामाजिक क्षेत्रों में उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के लियें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत माँ सरस्वती पूजन व वन्दना के साथ आरम्भ हुआ।

संस्थान अध्यक्ष गोविन्द लाल गदिया ने महिला शिक्षा आवश्यकता व उनके आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता को बताते हुए शिक्षा में अनुशासन के महत्व को समझाया तथा सोसायटी द्वारा इस क्षेत्र में किये जा रहे सतत् प्रयासो को बताया। संस्थान निदेशक डॉ. एल एल शर्मा ने विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों का स्वागत किया तथा सोसायटी द्वारा महिला शिक्षा उत्थान में किये गये सराहनीय कार्य पर प्रकाश डाला। हर्षिता काबरा द्वारा एकल नृत्य, छवि तिवारी एण्ड ग्रुप द्वारा समूह नृत्य तथा श्रवेता व कल्पना द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुती दी गई।

कॉलेज कॉडिनेटर रोमेन्द्रपाल सिंह ने राठैड़ ने संस्थान में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों व शिक्षण गतिविधियों को पावर पांइट प्रस्तुतीकरण के द्वारा समझाया। प्राचार्य अश्लेष दशोरा व सुनील त्रिपाठी ने महिला शिक्षा उत्थान के क्षैत्र में मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज को इस जिले का नीव का पत्थर कहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रिंसीपल व प्राचार्य गण उपस्थित थे। कार्यक्रम समन्वयक दीपक आगाल व सौरभ माहेश्वरी ने कार्यक्रम संचालन हेतु आवश्यक प्रबन्ध कियें। अतिथि शिक्षकों का आभार डॉ. सी.बी. कोठारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य डॉ. इन्द्रा बल्दवा ने किया

सादर प्रकाशनार्थ..........................

निदेशक